# बाजार में अतिक्रमण हटाने चला बुलडोजर

## सब्जी मंडी से पुराना बस स्टैंड और पूजा पार्क क्षेत्र से हटाए 150 से ज्यादा अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**सीधी, 17 जनवरी. शहर के बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पालिका का बुल्डोजर चला. सब्जी मंडी से पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र एवं पूजा पार्क क्षेत्र में आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई.**

नगर पालिका परिषद द्वारा कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान की कार्रवाई शुरू की गई है. प्रथम दिन शुक्रवार को अस्पताल चौराहा से लेकर पूजा पार्क के पूर्वी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान मुख्य सडक़ों के किनारें फुटपाथी व्यापारियों द्वारा किये गये



अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाने की कार्रवाई की गई. आज दूसरे दिन शनिवार दोपहर 2 बजे से नपा का बुल्डोजर फिर कार्रवाई के लिये निकला. पूजा पार्क के पश्चिमी क्षेत्र के साथ ही सब्जी मंडी क्षेत्र एवं पुराना स्टैण्ड परिसर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नपा के अतिक्रमण हटाओ दस्ता द्वारा की गई.

अतिक्रमण हटाने के दौरान सब्जी मंडी क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा अपनी दुकान के बाहर लगाये गये शेडों को हटाने की कार्रवाई भी की गई. दुकान के बाहर शेड लगाकर या इस क्षेत्र के अधिकांश व्यापारियों द्वारा सामान रखकर अतिक्रमण किया गया था. जिसको हटाने की कार्रवाई नगर पालिका टीम द्वारा मौके पर की गई. साथ ही मुख्य सडक़ों के किनारे फुटपाथी अतिक्रमणों को स्वेच्छा से हटाने के लिये माइक से एलाउंस किया गया था. जिससे व्यवसाइयों के सामानों की क्षति ना हो. जिन व्यवसाइयों द्वारा एलाउंसमेंट के बाद भी स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई उस अतिक्रमण को नपा दस्ते द्वारा हटाया गया. अतिक्रमण के दौरान कुछ व्यवसाइयों द्वारा स्थाई रूप से कब्जा किया गया था, जिस पर टीम द्वारा संबंधित अतिक्रमण को जब्त करने की कार्रवाई भी मौके पर की गई. जब्त किये गये अतिक्रमण को नगर पालिका परिषद के वाहन में लोड करा दिया गया. जिसको बाद में निराकृत किया जायेगा. बताया गया है कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान नगर पालिका द्वारा आगे भी चलाया जायेगा. अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई में नपा के राजस्व प्रभारी ललोहर साहू, अतिक्रमण प्रभारी मंगलेश्वर सिंह चौहान, वाहन प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला, स्वच्छता प्रभारी गौरव सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे.

# आदेश के बावजूद नहीं की अंतिम सुनवाई

## यह न्यायिक अनुशासन व पदानुक्रम टूटने का संदेश : हाईकोर्ट

**जबलपुर, 17 जनवरी. हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी ट्रायल कोर्ट ने प्रकरण की निर्धारित समय सीमा में अंतिम सुनवाई नहीं करते हुए अगली तारीख के लिए बढा दिया.**

हाईकोर्ट जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने कहा कि इससे मुक़दमे लड़ने वालों पर न्यायिक अनुशासन तथा पदक्रम टूटने के दुखद संकेत के तौर पर गलत असर पड़ेगा. एकलपीठ ने प्रकरण को दूसरे न्यायालय में स्थानातंरण करने के आदेश जारी किये हैं. जिला न्यायालय में साल 2013 में सिविल केस दायर किया गया था. सिविल केस की जल्द सुनवाई करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी. हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए



नवम्बर 2025 में प्रकरण की अंतिम सुनवाई 6 माह में करने के आदेश जारी किये थे. हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी ट्रायल के जज के आदेश में कहा गया था कि वह चीफ़ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट इंचार्ज के साथ-साथ जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के मामलों की भी देखरेख करनी पड़ती है. छह हफ़्ते के अंदर केस का फैसला करना मुमकिन नहीं है और सिर्फ 8 जनवरी को मामले पर विचार करने के लिए केस को पोस्ट कर दिया.

याचिकाकर्ता ने प्रकरण दूसरे न्यायालय में स्थानातरित किये जाने की मांग करते हुए आवेदन दायर किया था. प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट ने आवेदन को खारिज कर दिया था. इस कारण याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली. एकलपीठ ने ट्रायल जज के आदेश पर हैरानी जताते हुए कहा है कि वह छह हफ़्ते की समय सीमा के अंदर मामले का फ़ैसला करने की स्थिति में नहीं हैं. ट्रायल कोर्ट ने मामले को उठाने की कोई कोशिश नहीं की और तारीख छह हफ़्ते से आगे तय कर दी, जो शायद अपनी बड़ाई दिखाने या ट्रायल जज द्वारा हाई कोर्ट के आदेश से नाराज़ होने का संकेत हो सकता है.

# भागीरथपुरा : 6 मरीज अभी भी आईसीयू में

**एक दिन में 116 मरीज इलाज के लिए पहुंचे**

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 17 जनवरी. भागीरथपुरा क्षेत्र में डायरिया और पेट संबंधी बीमारियों की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है. शनिवार को क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में 116 मरीज उपचार के लिए पहुंचे, जिनमें छह मरीज डायरिया से पीड़ित पाए गए.**

बीमारी की गंभीरता को देखते हुए छह मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया है, जबकि 10 अन्य मरीज अस्पताल के वार्ड में उपचाररत हैं. मुख्य चिकित्सा एवं



स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में 50 सर्वे दलों द्वारा सघन सर्वे अभियान चलाया गया. सर्वे के दौरान घर घर जाकर हेल्थ कार्ड वितरित किए. साथ ही नागरिकों को पानी उबालकर पीने, अच्छी तरह पका भोजन करने और हाथ धोने के सही तरीकों की जानकारी दी गई.

**लगातार हो रही जांच**

क्षेत्र में 10 जनवरी से स्वास्थ्यवर्धन अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके तहत गैर संचारी रोगों की जांच लगातार की जा रही है. वहीं कलेक्टर के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में दो एम्बुलेंस तैनात की गई हैं और 24 घंटे चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई है. वहीं गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल रेफर किया जा रहा है. निजी अस्पतालों में उपचार लेने वाले मरीजों को भी निःशुल्क जांच, दवा और इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.

# बाघ के हमले से ग्रामीण की मौत

**छिंदवाड़ा, 17 जनवरी.** इन दिनों खेतों में रवि की फसल लगी हुई है जिसके चलते किसान रात के समय खेतों में पानी की सिचाई करने के लिए जाते है. पेंच टाइगर रिर्जव से लगे ग्रामों में रात के समय वन्यप्राणियों की आवाजाही बनी है जिसके चलते किसान वन्यप्राणियों का शिकार हो रहे है. ग्राम गुमतरा निवासी राजकुमार कहार पिता सीताराम कहार 38 वर्ष शुक्रवार की रात्रि के समय लगभग 11:30 बजे खेत में सिंचाई करने के लिए घर से अकेले पैदल था तभी रास्ते में राजकुमार पर बाघ ने हमला कर दिया जिसमें राजकुमार कहार की मौत हो गई.

# निगमायुक्त ने नर्मदा तटों का लिया जायजा

**जबलपुर, 17 जनवरी. संस्कारधानी की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और मां नर्मदा के तटों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के साथ नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं.**

शनिवार को निगमायुक्त ने न केवल सुबह शहर के विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया, बल्कि दोपहर होते ही वे मां नर्मदा के पावन तटों पर भी जा पहुंचे. सुबह के समय निगमायुक्त ने विभिन्न रिहायशी इलाकों और वार्डों का भ्रमण किया. उन्होंने गलियों की सफाई, कचरा संग्रहण (डोर-टू-डोर कलेक्शन) और नालियों की



स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया. सफाई कर्मियों और क्षेत्रीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता और नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निगमायुक्त ने तट पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक भी रोक लगाने दुकानदारों से चर्चा की, जहां सभी लोगों ने निगमायुक्त की बातों का समर्थन करते हुए कहा प्लास्टिक मुक्त घाट बनाने में वे सहयोग करेंगे.

# महिला के कान चीरकर सोने की बालियां लूट ले गए बदमाश

**गरोठ.** गरोठ तहसील में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं. ताजा मामला ग्राम फुलखेड़ा का है, जहां शनिवार को खेत में काम कर रही एक महिला के साथ दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज वारदात हुई. दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने महिला पर हमला कर उसके कान से सोने की बालियां झपट लीं, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फुलखेड़ा निवासी मोहन बाई खेत पर कृषि कार्य कर रही थी. इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और अचानक महिला पर हमला कर दिया था.

**एक नजर में**



## जैविक खेती के लिए कृषि विभाग क्लस्टर बनवाएं

**मंदसौर, 17 जनवरी.** उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने जिले के ग्राम देहरी में किसान नंदकिशोर पाटीदार द्वारा की जा रही जैविक खेती का निरीक्षण एवं अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने खेत पर पहुंचकर जैविक खेती की पद्धतियों को देखा तथा किसान से विस्तार से जानकारी प्राप्त की. इस अवसर पर कलेक्टर अदिती गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित कृषि विभाग के अधिकारी, अन्य जिला अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे. संभाग आयुक्त सिंह ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बड़े-बड़े क्लस्टर तैयार किए जाएं, ताकि सामूहिक रूप से जैविक खेती को अपनाया जा सके. उन्होंने कहा कि जैविक खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, बल्कि किसानों की लागत भी कम होती है और उत्पादन में भी वृद्धि होती है. अधिक से अधिक किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जाए. निरीक्षण के दौरान किसान नंदकिशोर पाटीदार ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से जैविक खेती कर रहे हैं. उन्होंने जीवामृत, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, वेस्ट डी-कंपोजर, ताम्र छाछ, दशपर्णी अर्क एवं घन जीवामृत जैसे जैविक इनपुट्स का उपयोग करने की जानकारी दी.

## बॉयज हॉस्टल में घुसकर स्टूडेंट से मारपीट

**रीवा, 17 जनवरी.** रीवा विश्वविद्यालय के बॉयज हॉस्टल में घुसकर बाहरी लडक़ों द्वारा हॉस्टल में रहने वाले बी फार्मा के छात्र से मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. घटना विश्वविद्यालय के चंद्रशेखर मिश्र छात्रावास में शुक्रवार की देर रात हुई है. यहां जूनियर छात्रों से मिलने आए बाहरी छात्रों ने हॉस्टल के ही सीनियर छात्र पर गाड़ी से पेट्रोल चोरी का शक जाहिर करते हुए पहले तो विवाद किया और बाद में अपने अन्य साथियों के साथ हॉस्टल में घुसकर सीनियर छात्र पर हमला कर दिया. हॉस्टल के भीतर हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें बाहर से आए लडक़ों द्वारा हॉस्टल में घुसकर मारपीट की जा रही है. फिलहाल हमले के दौरान एक छात्र के सिर पर गंभीर चोटे आई है जिसने प्राथमिक उपचार के बाद विश्वविद्यालय थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है. घटना के संबंध में घायल छात्र आदित्य द्विवेदी नई जानकारी देते हुए बताया कि वह बी फार्मा का स्टूडेंट है और विश्वविद्यालय के ही चंद्रशेखर मिश्र बॉयज हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है. पीड़ित छात्र के मुताबिक शुक्रवार की रात हॉस्टल में ही रहने वाले कुछ छात्रों के बाहरी दोस्त उनसे मिलने आए हुए थे, जिन्होंने हॉस्टल के बाहर खड़ी गाड़ी से पेट्रोल चोरी को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया.

# अवैध खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई, दो डंपर किए जब्त

**सिंगरौली 17 जनवरी. कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्ती बरती जा रही है.**

इसी क्रम में खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनिज अधिकारी रामसुशील चौरसिया द्वारा आज दिन शनिवार को व्यापक जांच अभियान चलाया गया. जांच के दौरान अवैध खनिज परिवहन के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा हुआ, जिसमें कार्रवाई करते हुए डंफर वाहनों को जप्त एवं सुरक्षार्थ पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया. जांच के दौरान गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंफर वाहन क्रमांक एमपी 53 एचए 2255 को पकड़ा गया. उक्त वाहन को मौके पर ही जप्त कर पुलिस चौकी निवास में सुरक्षित खड़ा कराया गया है. वहीं दूसरी ओर रेत का अवैध एवं ओवरलोड परिवहन करते हुए एक अन्य डंफर वाहन को पकड़ा, जिसे पुलिस चौकी निगरी में खड़ा कराया है. दोनों ही मामलों में वाहन चालकों द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके. खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इन दोनों वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी. नियमों के अनुसार जुर्माना, अर्थदंड एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है.

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बड़वानी, 17 जनवरी.** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन में जिले में गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी दिनेशसिंह चौहान के मार्गदर्शन में पाटी पुलिस ने दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में 12 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने बताया कि 16 जनवरी को फरियादिया ने थाने पर रिपोर्ट की थी कि जयसिंग पिता सावकार उर्फ उमरावसिंह बारेला निवासी आवली उसे जबरदस्ती पकडक़र अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म किया. रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया.

# इनकम टैक्स ऑफिसर ने युवती को दिया झांसा

**हकीकत सामने आने पर पीड़िता ने दर्ज करवाया केस**

**ग्वालियर, 17 जनवरी. वर पक्ष द्वारा झूठ बोलकर शादी कर लड़की वालों से लाखों रुपए का दहेज बंटोर लिया गया जिन्होंने लड़के के इनकम टैक्स ऑफिसर होने का झांसा दिया था.**

हकीकत सामने आने पर पीड़ित युवती ने महिला थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की. जहां पुलिस ने विवेचना उपरांत चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है. महलगांव निवासी छोटेलाल शर्मा की बिटिया मानसी शर्मा (28) ने महिला थाने में शिकायत की है, कि उसका विवाह 21 अप्रैल 2024 को हरिहर नगर में रहने वाले राधेश्याम अवस्थी के बेटे महावीर अवस्थी के साथ हुआ है. शादी के पूर्व लड़के वालों ने महावीर को इनकम टैक्स ऑफिसर बताते हुए कोलकाता में पोस्टेड होना बताया था. उनकी बातों पर भरोसा कर परिजनों द्वारा करीब 40 लाख रुपए का दहेज देकर विवाह कर दिया.

शादी के कुछ दिन बाद ही पति छुट्टी खत्म होने की कहकर जॉब पर जाने की कहकर चला गया. उसके जाते ही सास सुनीता अवस्थी, ससुर राधेश्याम अवस्थी एवं देवर विशाल अवस्थी द्वारा कम दहेज लाने को लेकर तानाकशी करने लगे. जो मायके से और 70 लाख रुपए कैश व कार लाने का प्रेशर बनाने लगे.

मानसी के मुताबिक ससुरालियों द्वारा दहेज की डिमांड एवं धमकी दिए जाने की बात मैंने अपने पति को कॉल करके बताई, तो वह कहने लगा कि तुम्हारी शादी एक इनकम टैक्स ऑफिसर के साथ हुई है. मायके वालों से बोलकर 70 लाख कैश एवं कार तो लाना ही होगा. पीड़िता के मुताबिक जब वह पति को कॉल करती, तो वह उसका कॉल रिसीव नहीं करता बल्कि अपना मोबाइल ही स्विच ऑफ कर लेता था. जबकि ससुराल वाले उस पर मायके से दहेज लाने की डिमांड को लेकर हर रोज उसे तंग कर रहे थे. ऐसे में उसका वहां जीना ही दुश्वार हो गया था.

# प्लॉट की अवैध दीवार ढहाई, शेड भी हटाए

**जबलपुर, 17 जनवरी. सुगम यातायात और सुंदर शहर की ओर कदम बढ़ाते हुए नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता सक्रिय हो चुका है. अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों के टर्निंग पॉइंट्स को साफ करना है.**

शनिवार को अमले द्वारा रामपुर चौक पर सड़क पर लगे अस्थाई ठेलों और टपरों को हटाया गया. निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शनिवार को ग्वारीघाट में दुकानों के बाहर निकले हुए अतिरिक्त शेड को हटाया गया, जिससे पैदल चलने वालों के लिए अधिक जगह बनी. वहीं ग्रेनेड चौक से तैयब अली चौक, तीन पत्ती, मालवीय चौक और सिविक सेंटर जैसे क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया. वहीं एस.डी.एम. और



अतिक्रमण दल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गंगा नगर गड़ा में एक प्लॉट की अवैध बाउंड्री वॉल को ढहा दिया. इसके साथ ही दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में चल रहे अनधिकृत काम को रुकवाकर निर्माण सामग्री जप्त की गई. प्रशासन ने न केवल अतिक्रमण हटाया, बल्कि जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता भी दिखाई. सी.एम. हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर निराकरण कर संबंधित नागरिकों को सूचित किया गया, जिससे आम जनता ने राहत की सांस ली है. कार्यवाही के समय दल प्रभारी वीरेंद्र मिश्राख् कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अंकित पारस, नदीम अहमद खान, बृज किशोर तिवारी आदि उपस्थित रहे.

# चाकघाट में शंकर ज्वेलर्स जीएसटी की कार्यवाही जारी

**रीवा, 17 जनवरी.** वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले कर अपवंचन की शिकायतो पर लगातार जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम लगातार विंध्य क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही है. पिछले एक माह के अंदर हुई कार्यवाही में करोड़ो रूपया कर अपवंचन का जमा हुआ है. चाकघाट में गौरा रोड़ स्थित शंकर ज्वेलर्स शाप में शुक्रवार शाम 5 बजे कार्यवाही शुरू हुई और दूसरे दिन शनिवार को भी कार्यवाही जारी रही. गौरतलब है कि संयुक्त आयुक्त राकेश साल्वी के निर्देश पर 12 सदस्यीय टीम ने कार्यवाही शुरू की. राज्यकर अधिकारी पियूष तिवारी के नेतृत्व में दो दिन से कार्यवाही जारी है.

# ब्लैकमेल कर मां-बेटी से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

**उज्जैन, 17 जनवरी. 2 साल पहले मां बेटी को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के बाद वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.**

आरोपी शेष प्राकृतिक जीवन काल तक जेल की सलाखों में रहेगा. मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 7 सितंबर 2023 को महिला थाना उज्जैन पर एक महिला ने शिकायत के दर्ज कराई थी कि लगभग ढाई वर्ष पहले उनके घर पर शाहरूख काम करता था, उसका आना जाना लगा रहता था. लगभग ढाई वर्ष पहले शाहरूख मेरे घर पर आया, उस समय मेरे घर पर कोई नहीं था. उसने पूछा कि सब लोग कहां गये हैं, मैंने कहाकि घर पर कोई नहीं है फिर उसने पानी मांगा, मैं पानी लेने के लिये अंदर आयी तो शाहरूख ने दरवाजा लगाकर मेरे साथ मेरी इच्छा के विरुद्ध ब्लात्कार किया और फिर चला गया, मैंने डर की



वजह से उक्त घटनाक्रम मेरे पति व परिजनों को नहीं बता पायी. दो दिन के बाद शाहरूख फिर आया और बोला कि आपके साथ जो मैंने किया है उसकी पूरी विडियो रिकार्डिंग मेरे मोबाइल में कर ली है. अब जब भी बोलू तो अपनी मर्जी से मेरे पास आना, नहीं तो मैं उक्त वीडियो सबको दिखा दूंगा. मैं डर गयी थी उक्त वीडियो को देखने के बाद वायरल होने के डर से उसके द्वारा जैसा कहा गया वैसा करती रही. शाहरुख ने मेरी इच्छा के विरुद्ध ब्लात्कार किया. एक दिन उक्त वीडियो शाहरूख की पत्नी एवं वसीम ने देखकर वायरल कर दी.

**केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन** | **3300 हिंदुओं ने परिवार सहित की सहभागिता**

# समरसता व एक पंगत-एक संगत का संदेश गूंजा

**शाजापुर, 17 जनवरी. केशव बस्ती की काशी विश्वनाथ हिंदू सम्मेलन समिति के द्वारा स्थानीय मल्हार गार्डन में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ.**

सम्मेलन में समाज की एकता, समरसता और राष्ट्र चेतना का सशक्त संदेश दिया गया. कार्यक्रम में करीब 3300 हिंदुओं ने परिवार सहित सहभागिता कर समरसता का भोजन ग्रहण किया. कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में संतोष शर्मा, कवित्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रही. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मोहन आर्य क्षुतबंधु रहे,



जो कि होशंगाबाद गुरुकुल में उप आचार्य के पद पर कार्यरत हैं. वहीं मुख्य वक्ता के रूप में श्रीनाथ गुप्ता उपस्थित रहे, जो कि उद्योगपति एवं मशीनरी व्यवसाय से जुड़े होने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत के प्रांत सह कार्यवाहक हैं. कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई.

संस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया. सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद भारत माता का पूजन अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से किया गया. इसके पूर्व काशीनगर स्थित काशीविश्वनाथ महादेव मंदिर परिसर से कलश यात्रा भी निकाली गई, कलश यात्रा में देश भक्ति गीतों व धार्मिक भजनों की धुन सभी का मनमोह रही थी, कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे.

# ग्वालियर में कट्टा अड़ाकर ऑटो पार्ट्स कारोबारी से की लूट

**ग्वालियर, 17 जनवरी. दुकान बंद कर घर लौट रहे एक ऑटो स्पेयर पार्ट्स कारोबारी से बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर मोबाइल और 32 हजार रुपए लूट लिए। बदमाश भागते समय कारोबारी की ई-स्कूटी की चाबी भी छीन ले गए.**

यह वारदात महाराजपुरा थाना क्षेत्र के एमेटी यूनिवर्सिटी के पास हुई. घटना का शिकार व्यापारी थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की. व्यापारी से लूटा गया मोबाइल 36 घंटे से एक ही लोकेशन पर ऑन है. कॉल लग रही है, लेकिन रिसीव नहीं हो रही है. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की, लेकिन लुटेरे अब तक पकड़ में नहीं आए. सुबह इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया. महाराजपुरा थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम निवासी 37 वर्षीय प्रदीप शर्मा व्यापारी हैं. मालनपुर में उनकी शिवा ऑटो एंड स्पेयर पार्ट्स नाम की दुकान है. वह दुकान का काम खत्म कर अपनी ई-स्कूटी से वापस आ रहे थे. एयरपोर्ट रोड पर एमेटी यूनिवर्सिटी के पास पहुंचे तो बिना नंबर की होंडा बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और टेकनपुर जाने का रास्ता पूछा. व्यापारी ने अपनी ई-स्कूटी धीमी की और रास्ता बताने लगे. इसी दौरान नकाबपोश बदमाश उतर आया और कट्टा अड़ा दिया था.

## अपहरण करने वाले आरोपी को 5 वर्ष का कारावास

**जावद, 17 जनवरी.** अपर सत्र न्यायाधीष संदीप कुमार जैन, जावद द्वारा 6 वर्ष के बालक को विक्रय करने एवं दास बनाये जाने के लिये उसका अपहरण करने वाले आरोपी भागचंद उर्फ भग्गा उर्फ विकास पिता दुधाजी भील, उम्र-35 वर्ष, निवासी-ग्राम डाबी, थाना जावद, जिला नीमच को धारा 140(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 100रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया. प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं सुखराम गरवाल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 15 माह पूर्व की होकर दिनांक 07.09.2024 को रात्री के लगभग 01 बजे ग्राम लुहारिया चुण्डावत स्थित फरियादी नंदलाल के घर की हैं. घटना दिनांक को फरियादी नंदलाल भील को उसके परिवार के कंवरलाल की मृत्यु हो जाने से उनके घर में कोई नहीं होने से उनके घर रखवाली हेतु सोने गया था. रात्रि करीब 01 बजे उसकी माता राजीबाई ने आकर उसे बताया कि उसके 06 वर्षीय पुत्र को कोई अज्ञात व्यक्ति घर से उठाकर ले गया है, जिसका पीछा उसने किया था, परन्तु वह उसको जंगल तरफ लेकर भाग गया है. उसने घटना के बारे में परिवार के लोगों को बताया तथा अपने पुत्र को आसपास जंगल में ढूंढा परन्तु वह नहीं मिला. फरियादी ने घटना के संबंध में पुलिस थाना रतनगढ़ में रिपोर्ट लिखाई.